APPENDIX – B

# CENTRE OF ADVANCED STUDY IN EDUCATION

**M. S. UNIVERSITY**

**BARODA–390 002**

## सक्रियतावाद मापनी

**( Activism Scale )**

शोधकर्ता

**ओ. द. त्रिपाठी**

**निर्देश**

अगले पृष्ठों पर कुछ परिस्थितियाँ वर्णित हैं । प्रत्येक परिस्थिति को ध्यानपूर्वक पढ़िये । हर वर्णित परिस्थिति के सामने संभावित प्रतिक्रियाओं के तीन–तीन विकल्प दिये हुए हैं। उस परिस्थिति विशेष में आप जो प्रतिक्रिया करते हों या करेंगे उसे प्रतिक्रियाओं के विकल्पों में से चुन लें। चुनी हुई प्रतिक्रिया की क्रमसंख्या को गोले में घेर दें। दिये गये प्रतिक्रिया विकल्पों में से केवल एक को चुनना अनिवार्य।

आपके उत्तर केवल शोध के लिये हैं, इन्हें पूर्णरूप से गोपनीय रखा जायेगा।

**निम्नलिखित सूचनायें अवश्य दीजिये :**

नाम :.....................................................

कक्षा :.....................................................

संकाय :.....................................................

300



| परिस्थितियाँ | प्रतिक्रियायें |
| --- | --- |
| 1 पुस्तकालय में आपके विषय से संबंधित पुस्तकें बहुत कम हैं। छात्रों के कई बार निवेदन करने पर भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्या आप— | 1 उनसे पुनः निवेदन करेंगे,<br>2 ऊँचे अधिकारियों के यहाँ अभ्यावेदन ( रिप्रेजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 संबंधित अधिकारी का घेराव करेंगे। |
| 2 बेकारी-भत्ता की मांग के समर्थन में जुलूस में भाग लेने के लिये कुछ युवा संगठनों ने छात्रों का आह्वान किया है। इस संबंध में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ? | 1 इसे असंभव मानकर अलग रहेंगे,<br>2 जुलूस में भाग लेंगे,<br>3 अन्य साथियों को लेकर जुलूस को प्रभावशाली बनायेंगे। |
| 3 कई बार प्रयास करने के बाद भी विश्वविद्यालय-अधिकारी आपकी समस्याओं को सुनने के लिये तैयार नहीं हैं। क्या आप— | 1 वहाँ से लौट आयेंगे,<br>2 जबरदस्ती सुनाने का प्रयास करेंगे,<br>3 वहाँ हंगामा मचायेंगे। |
| 4 पुस्तकालय से अच्छी पुस्तकें सिर्फ सोर्सवालों को ही प्राप्त हो पाती हैं। आपने दो-एक बार प्रयास किया पर असफल रहे। आगे आप— | 1 प्रयास करना बंद कर देंगे,<br>2 अधिकारियों से इस बात की शिकायत करेंगे,<br>3 अन्य साथियों को लेकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। |
| 5 यदि छात्रों की उचित मांग पर भी अधिकारी परीक्षा-तिथि स्थगित करने के लिये सहमत नहीं हैं तो आप क्या करेंगे ? | 1 अपने को निस्सहाय महसूस करेंगे,<br>2 अधिकारियों के घेराव की पहल करेंगे,<br>3 परिसर ( केम्पस ) में भीषण तोड़फोड़ करेंगे। |
| 6 अध्यापक ने कोर्स खतम नहीं किया है। ऐसा लगता है कि परीक्षा में बिना पढ़ाये हुए अंश से कुछ प्रश्न पूछे गये हैं। ऐसी स्थिति में आपकी क्या प्रतिक्रिया होती है ? | 1 शांत भाव से लिखते जाना,<br>2 अनुचित साधनों का प्रयोग करना,<br>3 औरों के साथ परीक्षा भवन से बाहर निकल आना ( वॉक-आउट )। |
| 7 दो दलों में झगड़ा बचाने के बहाने छात्रसंघ का चुनाव स्थगित कर दिया गया, जब कि आपको ऐसा लगता है कि आपका दल जीत जाता। ऐसी परिस्थिति में क्या आप— | 1 अधिकारियों के निर्णय को मान लेंगे,<br>2 चुनाव जल्दी कराने के लिये अभ्यावेदन ( रिप्रेजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 चुनाव शीघ्र कराने हेतु अधिकारियों का घेराव करेंगे। |
| 8 कुछ छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में संबंधित अधिकारी का घेराव कर रखा है। इसी बीच वहाँ पुलिस आ गयी। अब आप— | 1 असमंजस में पड़ जायेंगे,<br>2 पुलिस का मखौल उड़ायेंगे,<br>3 पुलिस का मुकाबिला करने हेतु डँटे रहेंगे। |

| परिस्थितियाँ | प्रतिक्रियायें |
|---|---|
| 9 आपके कालेज में एक अध्यापक ने किसी छात्र को थप्पड़ मार दिया है। इस संबंध में आगे आप क्या कदम उठायेंगे ? | 1 शांत रहेंगे,<br>2 अध्यक्ष से उनकी शिकायत करेंगे,<br>3 अध्यापक को निकालने के लिये धरना देंगे। |
| 10 छात्र-समुदाय सरकार से इस बात की मांग करना चाहता है कि मताधिकार ( वोट देने ) की उम्र घटाकर 18 वर्ष कर दी जाय। आप इस संबंध में क्या करेंगे ? | 1 राजनीति प्रेरित समझ कर चुप रहेंगे,<br>2 सरकार को ज्ञापन भेजेंगे,<br>3 समर्थन में जुलूस निकालेंगे। |
| 11 अधिकारियों का ध्यान कई बार आकर्षित करने पर भी यदि खेल-कूद की सुविधा एवं सामग्री छात्रों को नहीं मिल रही है तो क्या आप— | 1 चुप लगा जायेंगे,<br>2 अधिकारियों के यहाँ अभ्यावेदन ( रिप्रेजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 उनके यहाँ विरोध प्रदर्शन करेंगे। |
| 12 बस में कुछ यात्रियों के टिकट न लेने के कारण कंडक्टर बस चालू नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति में क्या आप— | 1 शांत बैठे प्रतीक्षा करेंगे,<br>2 बे-टिकट यात्रियों से बहस में उलझेंगे,<br>3 उन्हें जबरदस्ती बाहर निकालने का प्रयास करेंगे। |
| 13 यदि कोई अध्यापक कक्षा में प्रायः आंतरिक मूल्यांकन की धमकी देकर आपको चुप करना चाहता है तो आमतौर पर आप क्या करते हैं ? | 1 चुपचाप सुन लेते हैं,<br>2 मुख-मुद्रा द्वारा प्रतिवाद व्यक्त करते हैं,<br>3 अधिकारियों के यहाँ अभ्यावेदन ( रिप्रेजेंटेशन ) करते हैं। |
| 14 अपने निहित स्वार्थ-वश छात्रसंघ के पदाधिकारी आपकी मांगों का खुलकर समर्थन नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में आप— | 1 उनसे विचार-विमर्श करेंगे,<br>2 उनका पर्दाफाश करेंगे,<br>3 उनके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेंगे। |
| 15 छात्रों की आर्थिक परेशानी का ख्याल किये बिना अधिकारियों ने ट्यूशन-फीस बढ़ा दी। क्या आप— | 1 उनके निर्णय को स्वीकार कर लेंगे,<br>2 अधिकारियों के यहाँ इस मामले का अभ्यावेदन ( रिप्रेजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 फीस घटाने तक अनशन करेंगे। |
| 16 विभागीय पुस्तकालय की व्यवस्था के लिये छात्र कई बार अधिकारियों से मिले पर वे कुछ नहीं कर रहे हैं। आगे आप क्या करेंगे ? | 1 एक बार फिर मिलेंगे,<br>2 ऊँचे अधिकारियों के यहाँ अभ्यावेदन ( रिप्रेजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 अधिकारियों का घेराव करेंगे। |

| परिस्थितियाँ | प्रतिक्रियायें |
|---|---|
| 17 छात्रों द्वारा बार-बार निवेदन करने पर भी अधिकारी छात्रसंघ का चुनाव कराने को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ? | 1 एक बार फिर उनसे बातें करेंगे,<br>2 उनके आफिस के सामने नारेबाजी करेंगे,<br>3 चुनाव आदेश देने तक उनका घेराव करेंगे। |
| 18 किसी नौकरी के लिये इंटरव्यू देते समय आपको ऐसा विश्वास हो रहा है कि यह सब दिखावा है, नियुक्तियाँ पहले से निश्चित कर ली गयी हैं। ऐसी हालत में क्या आप— | 1 अपने को लाचार महसूस करेंगे,<br>2 इंटरव्यू में बेरुखी दिखायेंगे,<br>3 इस नाटक का भण्डाफोड़ करेंगे। |
| 19 आपके विश्वविद्यालय में ऐसे व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किया जा रहा है जिसकी नीतियाँ प्रायः छात्रविरोधी रही हैं। क्या आप— | 1 इस मामले में कोई रुचि नहीं लेंगे,<br>2 नियुक्ति-प्राधिकारी के यहाँ अभ्यावेदन ( रिप्रजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 नियुक्ति रद कराने हेतु आंदोलन करेंगे ? |
| 20 कुछ छात्र सस्ते एवं अश्लील साहित्य के विरोध में अभियान चलाना चाहते हैं। आप इसमें किस प्रकार सहयोग देंगे ? | 1 कोई रुचि नहीं लेंगे,<br>2 सस्ते साहित्य के खिलाफ संपादक को पत्र लिखेंगे,<br>3 सस्ते साहित्य के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। |
| 21 बढ़ती हुई मंहगी के विरुद्ध कुछ राजनैतिक दल जुलूस निकालना चाहते हैं। आप इसमें किस प्रकार सहयोग करेंगे ? | 1 राजनीति प्रेरित समझकर चुप लगा जायेंगे,<br>2 प्रदर्शन करेंगे,<br>3 उग्र प्रदर्शन करेंगे। |
| 22 कुछ असामाजिक तत्त्वों ने विश्वविद्यालय परिसर ( कैम्पस ) में घुस कर छात्रों को मारा-पीटा है। इस स्थिति का मुकाबिला आप कैसे करेंगे ? | 1 मित्रों के साथ विचार-विमर्श करेंगे,<br>2 अधिकारियों के यहाँ प्रदर्शन करेंगे,<br>3 उनसे बदला लेने की योजना बनायेंगे। |
| 23 किसी ऐसे विदेशी नेता के आगमन पर जिसने अपने देश में हर प्रकार के जनतांत्रिक एवं मानवीय अधिकारों को निरस्त ( कैंसिल ) कर दिया है। क्या आप— | 1 कोई रुचि नहीं लेंगे,<br>2 विरोध में पर्चे बांटेंगे,<br>3 उग्र प्रदर्शन करेंगे ! |
| 24 विश्वविद्यालय-प्रशासन में छात्रों की भागेदारी की मांग को अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में आगे आप क्या करेंगे ? | 1 फिर बात-चीत का प्रयास करेंगे,<br>2 धरना देंगे,<br>3 आमरण अनशन करेंगे। |

| परिस्थितियाँ | प्रतिक्रियायें |
|---|---|
| 25 आपके प्रिय अध्यापक को अधिकारियोंने आपके अनुसार निराधार दोष लगाकर निलम्बित (सस्पेंड) कर दिया है। ऐसी स्थिति में क्या आप— | 1 उनको नैतिक समर्थन देंगे,<br>2 अधिकारियों के खिलाफ नारे लगायेंगे,<br>3 हड़ताल संगठित करेंगे ? |
| 26 यदि आपको यह विश्वास हो जाय कि छात्रसंघ के चुनाव में अधिकारी पक्षपात कर रहे हैं तो आप क्या करेंगे ? | 1 उदासीन रहेंगे,<br>2 उनकी निन्दा करेंगे,<br>3 उनके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। |
| 27 आपको ऐसा विश्वास है कि उपस्थिति की कमी के बहाने अधिकारी आपको फाइनल परीक्षा से बैठने से रोकना चाहते हैं। क्या आप— | 1 अधिकारियों का निर्णय स्वीकार कर लेंगे,<br>2 ऊँचे अधिकारियों के यहाँ अभ्यावेदन (रिप्रजेंटेशन) करेंगे,<br>3 अन्य प्रभावित छात्रों के साथ धरना देंगे। |
| 28 विभिन्न विभागों में छात्रों के लिये सीट बढ़ाने हेतु छात्रसंघ आंदोलन करना चाहता है। आप अपना सहयोग किस प्रकार देंगे ? | 1 कुछ दिनों तक प्रतीक्षा करेंगे,<br>2 अधिकारियों के यहाँ अभ्यावेदन (रिप्रजेंटेशन) करेंगे,<br>3 कुलपति का घेराव करेंगे। |
| 29 छात्रावास में भोजन का स्तर दिनोंदिन गिरता जा रहा है। आपके निवेदन पर आपके प्रतिनिधि कुछ भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ? | 1 चुप लगा जाना,<br>2 प्रतिनिधियों पर व्यंग कसना,<br>3 उन्हें स्तीफा देने को बाध्य करना। |
| 30 यदि कुछ पुलिस–सिपाही आपके प्रिय अध्यापक के साथ अमर्यादित व्यवहार कर रहे हैं तो क्या आपकी प्रतिक्रिया यह होगी कि— | 1 आप अपना रास्ता पकड़े चले जांय,<br>2 पुलिस से उलझ जांय,<br>3 पुलिस पर आक्रमण कर दें। |
| 31 आपको विश्वास है कि को-ऑपरेटिव स्टोर पर चीनी रखते हुए भी दुकानदार बहाना कर रहा है। ऐसी हालत में क्या आप— | 1 लौट आयेंगे,<br>2 उसकी झुठाई की ओर संकेत करेंगे,<br>3 अन्य ग्राहकों को उभाड़ कर हंगामा करेंगे। |
| 32 परिसर (कैम्पस) में हथियारबंद पुलिस-जत्थे की नियुक्ति अकस्मात पाने पर क्या आप— | 1 कोई रुचि नहीं लेंगे,<br>2 उन पर व्यंग कसेंगे,<br>3 उनके खिलाफ जनमत तैयार करेंगे ! |

| परिस्थितियाँ | प्रतिक्रियायें |
|---|---|
| 33 सरकार अध्यादेश द्वारा छात्रसंघ पर रोक लगाना चाहती है। इसके खिलाफ छात्र प्रदर्शन का आयोजन कर रहे हैं। इस संबंध में आप क्या करेंगे? | 1 साथियों से विचार-विमर्श करेंगे,<br>2 विरोध में जनमत तैयार करेंगे,<br>3 विरोध में हिंसात्मक प्रदर्शन करेंगे। |
| 34 यदि आपको इस बात की सही सूचना मिले कि आंतरिक मूल्यांकन में अध्यापक ने पक्षपातवश आपको कम अंक दिया है तो क्या आप— | 1 चुप लगा जायेंगे,<br>2 ऊँचे अधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे,<br>3 उनके विरुद्ध जनमत तैयार करेंगे ! |
| 35 विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा की गयी धाँधली एवं ज्यादती की जाँच के लिये छात्रों द्वारा दिये गये ज्ञापन पर सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस संबंध में आप आगे क्या करेंगे? | 1 उदासीन रहेंगे,<br>2 अभ्यावेदन ( रिप्रजेंटेशन ) करेंगे,<br>3 विरोध में जुलूस निकालेंगे। |
| 36 छात्र-संघ के अध्यक्ष पद के लिये एक एक ऐसा अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहा है जो इसका पात्र ( एलिजिबुल ) नहीं है। ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे? | 1 कोई रुचि नहीं लेंगे,<br>2 अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करेंगे,<br>3 उसकी उम्मीदवारी रद्द कराने हेतु प्रदर्शन करेंगे। |
| 37 अपनी किसी विशेष मांग के समर्थन में छात्र किसी जन-अधिकारी के कार्यालय तक जुलूस ले जा रहे हैं। पुलिस ने जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया। क्या आप– | 1 वहाँ से लौट आयेंगे,<br>2 वहीं धरना देंगे,<br>3 पुलिस पर पथराव करेंगे? |
| 38 छात्रों की असुविधा का ध्यान न देकर छात्रावास बनाने की मांग अधिकारी कई बार ठुकरा चुके है। ऐसी स्थिति में आप– | 1 प्रयास बन्द कर देंगे,<br>2 साधारण प्रदर्शन करेंगे,<br>3 उग्र प्रदर्शन करेंगे! |
| 39 कक्षा में अध्यापक के पढ़ाते समय आपने अपनी समझ से एक सही प्रश्न किया। अध्यापक ने आपसे बेरुखी से बैठ जाने के लिये कहा। क्या आप— | 1 अध्यापक का कहना मान लेंगे,<br>2 उनसे उलझ जायेंगे,<br>3 अन्य दोस्तों के साथ उनकी कक्षाओं का बाइकाट करेंगे ! |
| 40 आपको इस बात का पक्का विश्वास है कि संबंधित अधिकारियो ने पक्षपातवश आपकी फीस माफ नहीं की है। इस संबंध मे आप आगे क्या कदम उठायेंगे? | 1 निर्णय को चुपचाप मान लेंगे,<br>2 ऊँचे अधिकारियों के यहाँ अपील करेंगे,<br>3 वहीं हंगामा करेंगे। |

धन्यवाद

म. स. युनिवर्सिटी प्रेस, वडोदरा.